सोमवार
06 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



औरंगाबाद के कबाड़ी व्यवसायी की हत्या, विरोध में हंगामा, रोड जाम 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं क्योंकि आप फिट होंगे तभी सुपरहिट होंगे: मोदी

**एजेंसी/जयपुर**

जयपुर के चित्रकूट स्टेडियम में रविवार को खेले गए जयपुर महाखेल के फाइनल मुकाबले को पीएम नरेंद्र मोदी ने लाइव देखा। जयपुर ग्रामीण लोकसभा सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की ओर से महाखेल का आयोजन किया गया। पीएम मोदी दिल्ली से वर्चुअली जुड़े और मैच का आनंद लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के मैदान से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता है। खेल हमेशा सिर्फ जीतने के लिए नहीं खेले जाते बल्कि सीखने के लिए खेले जाते हैं। हर खेल हमें कुछ ने कुछ जरूर सीख देता है। उन्होंने कहा कि खेल इंडिया अभियान के तहत देश के सभी सांसद अपने क्षेत्रों में महाखेलों का आयोजन



कर रहे हैं। जिला और पंचायत स्तर तक के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन और उसमें और निखार लाने का मौका मिलता है। पीएम मोदी ने कहा कि खेल हम सब के जीवन का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि आप फिट होंगे तभी सुपरहिट होंगे।

## खेल प्रतिस्पधाओं की शुरुआत

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में खेल प्रतिस्पधाओं का जो सिलसिला शुरू हुआ है , वह एक बड़े बदलाव का प्रतीक है। राजस्थान की धरती तो अपने जोश और सामर्थ्य के लिए जानी जाती है। यहां के युवाओं के शारीरिक और मानसिक सामर्थ्य को विकसित करने में राजस्थान खेल परम्पराओं का बड़ा योगदान रहा है। राजस्थान ने देश को कई खेल प्रतिभाएं दी है। पीएम ने कहा कि जयपुर वालों ने तो सांसद भी ओलम्पिक पदक विजेता चुना है। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने देश को जो दिया है उसे वो सांसद खेल स्पर्द्धा के जरिए नई पीढ़ी को लौटाने का काम कर रहे हैं। हमें इन प्रयासों को और विस्तार देना है ताकि इसका प्रभाव और भी व्यापक हो।

## खेल का बजट तीन गुना बढ़ा

खेल का बजट तीन गुना से ज्यादा बढ़ाया गया पीएम मोदी ने कहा कि देश के युवाओं के लिए असंभव कुछ भी नहीं है। उनके पास हर तरह की शक्ति है। इसी कारण वे हर लक्ष्य को आसान बना लेते हैं। इस बार के बजट में भी खेल विभाग को करीब 2500 करोड़ रुपए का बजट मिला है। इस बार तो अकेले खेलो इंडिया अभियान के लिए ही एक हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। यह बजट खेलों से जुड़े संसाधनों और सुविधाओं का निर्माण करने की दिशा में काम आएगा। पीएम ने कहा कि पहले देश के युवाओं में जज्बा तो होता था, प्रतिभा भी होती थी लेकिन अक्सर संसाधन और सरकारी सहयोग की कमी आड़े आ जाती थी। अब हमारे खिलाड़ियों की इस चुनौती का भी समाधान किया जा रहा है।

## 6 हजार से ज्यादा खिलाड़ी

जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र की सभी 8 विधानसभाओं कोटपूतली, बानसूर, जमवारामगढ, झोटवाड़ा, विराट नगर, आमेर, शाहपुरा और फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के 32 खेल मैदानों में पुरुषों की 512 और महिलाओं की 128 टीमों ने हिस्सा लिया। कुल 6,000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने खेलों में हिस्सा लिया। विजेता टीमों को 51,000 रुपए और रनर अप टीमों को 31,000 रुपए का पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एशियेन गेम्स के मेडेलिस्ट रामसिंह, ज्ञानचंद खेल रत्न से सम्मानित पैरा एथेलिट देवेन्द्र झाझड़िया और अर्जुन अवॉर्डी साक्षी कुमारी सहित कई वरिष्ठ नागिरक मौजूद रहे।

# केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा तोहफा बढ़ सकता है 4 फीसदी महंगाई भत्ता

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में केंद्र सरकार चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकार के इस फैसले का फायदा करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा। बता दें कि अभी केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी है, जिसे चार फीसदी बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। इस बढोतरी के लिए एक फामूर्ले पर सहमति बनी है। बता दें कि कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा की जाती है, जो कि श्रम मंत्रालय का अंग है।

औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना की जाती है। दिसंबर 2022 के लिए 31 जनवरी 2023 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी किया गया है। इस सूचकांक के अनुसार, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 फीसदी बैठती है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। बता दें कि प्रक्रिया के तहत वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग डीए में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करेगा, जिसमें इसके राजस्व पर पड़ने वाले असर के बारे में भी बताया जाएगा। बाद में इस प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी के बाद डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू हो जाएगी।

## खबरें फटाफट

### सीएम से नहीं मिल पाने से नाराज लोगों ने किया हंगामा

**कटिहार।** कटिहार पहुंचे मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा के दौरान वहां के लोगों ने जमकर बवाल किया। विरोध कर रहे युवकों ने बताया की पढ़ लिख कर सब्जी बेच रहे हैं। ठेला चला रहे हैं। आक्रोशित लोगों ने बताया कि हमलोग मुख्यमंत्री से मिलना चाहते थे। ताकि कुछ समाधान निकले। लेकिन मुख्यमंत्री ने गाडी नहीं रोका और सीधे निकल गए। युवकों ने कहा कि यह कैसी समाधान यात्रा है। कई लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री समाधान यात्रा पर निकले हैं। लेकिन आम लोगों से नहीं मिलकर केवल अधिकारियों और नेताओं से मिलकर चले गए। इससे आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया।

### बम विस्फोट में तृणमूल कार्यकर्ता की मौत

**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के मारग्राम में एक बम विस्फोट में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की मौत और एक सत्तारूढ़ पार्टी के पंचायत प्रमुख के भाई के घायल होने के कारण रविवार को राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। मृतक न्यूटन शेख के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि हमले के लिए कांग्रेस समर्थक जिम्मेदार थे, पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मारग्राम में पार्टी की उपस्थिति बहुत कम है ताकि वह किसी भी तरह के शारीरिक हमले में शामिल हो सके।

### दवाओं के लिए एक गुणवत्ता एक मानक तय हो

**नई दिल्ली।** टीका निमार्ता कंपनी भारत बायोटेक के संस्थापक डॉ. कृष्णा एल्ला ने सुझाव दिया है कि भारतीय दवाओं के लिए 'एक गुणवत्ता एक मानक' सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य दवा नियामकों को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के साथ विलय कर दिया जाना चाहिए। उनका यह बयान बीते दिनों भारतीय दवाओं की गुणवत्ता को लेकर उठाए जा रहे सवालों की पृष्ठभूमि में आया है। बता दें, हाल ही में तमिलनाडु स्थित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर को अमेरिका में कथित रूप से आंखों में संक्रमण के मामले सामने आने के बाद सभी आई ड्रॉप को वापस लेना पड़ा।

**समाधान यात्रा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले का लिया जायजा**

# जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए उपलब्ध हो लोकल मार्केट : सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को समाधान यात्रा के क्रम में कटिहार जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत दिघरी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत शेड्नेस में संरक्षित जैविक खेती का जायजा लिया और किसान अरुण भगत से इस योजना के तहत किए जा रहे कृषि कार्य, समग्र अलंकारी प्रजनन इकाई (मत्स्य), मधु उत्पादन कार्य, मशरूम उत्पादन कार्य, मखाना उत्पादन कार्य, सब्जी उत्पादन कार्य और बांस उत्पादन कार्य की मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। प्रगतिशील किसानों ने जैविक कॉरिडोर परियोजना के तहत की जा रही जैविक खेती से हो रहे फायदे के बारे में मुख्यमंत्री को बताया। सूक्ष्म सिंचाई के साथ मखाने की खेती की शुरूआत भी यहां की गई है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जैविक उत्पादों को लेकर लोकल मार्केट उपलब्ध कराएं ताकि किसानों को इसका फायदा मिले। मुख्यमंत्री ने कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत किसानों को अनुदानित मशीन वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने सुशीला पोखर का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पोखर के चारों तरफ पौधारोपण कराएं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सह स्वास्थ्य उपकेंद्र डिहरी का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित बाल हृदय योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात की। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत मुख्यमंत्री ने 5,250 स्वयं सहायता समूहों को 25 करोड़ 60 लाख रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया। संवाद कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न और पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।



## सभी पंचायतों में बने पंचायत भवन

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यहां पर पंचायत सरकार भवन बनाने को कहा गया है। इसको लेकर हमने जगह भी चिन्हित करा दिया है। पंचायत सरकार भवन के तेजी से निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया है। हम चाहते हैं कि बिहार की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बन जाए। बाढ़ की स्थिति में आसपास के जो गांव प्रभावित होते हैं उन लोगों को पंचायत सरकार भवन में रहने की सुविधा होती है। इसमें सरकार द्वारा सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। सरकार की योजनाओं से किसानों को भी काफी फायदा हो रहा है। यहां के किसान काफी अच्छा काम कर रहे हैं। हमलोगों ने गंगा नदी के दोनों तरफ जैविक खेती की शुरूआत करायी थी। नालंदा में पहले से जैविक खेती हो रही थी। इसके अलावा हमलोगों ने 12-13 जगहों पर इसे शुरू कराया। अब काफी अच्छी जैविक खेती हो रही है।

## बिहार में 1 .30 करोड़ जीविका दीदियां


जीविका दीदियों का नाम अब अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जीविका दीदियां कई जगहों पर ट्रेनिंग देने जाती हैं। ये लोग काफी अच्छा काम कर रही हैं। हम जहां भी जाते हैं जीविका दीदियों से बातचीत करते हैं। उनकी स्थिति को देखते और समझते हैं। बिहार में अब एक करोड़ 30 लाख जीविका दीदियां हो गई हैं। अब जीविका दीदियों का काफी विकास हो रहा है। महिलाएं अब काम करने लगी हैं जिससे उनका कंफिडेंस लेवेल काफी ऊंचा हो गया है। महिलाएं पहले कुछ बोल नहीं पाती थीं अब काफी अच्छे तरीके से अपनी बातों को रखती हैं। महिलाओं के आगे बढ़ने से नई पीढ़ी का काफी उत्थान होगा। बिहार पौराणिक स्थल है। यहां पर जब सब काम पूरा हो जायेगा तो दुनिया भर के लोग फिर से इसे देखने आयेंगे। हमारा मकसद है कि बिहार को उसी ऊंचाई पर ले जायें। इसी को लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

# उपेंद्र कुशवाहा ने जारी की चिट्ठी, लिखा- आंतरिक कारणों से दिन-ब-दिन कमजोर होते जा रही जदयू

**केटी न्यूज/पटना**

अब तक अपनी पार्टी में हिस्सा मांग रहे जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा अब राजद के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने एक चिट्ठी जारी करते हुए जनता दल यूनाइटेड को बचाने की अपील की है। इसके जरिए उन्होंने जदयू के प्रमुख नेताओं, पहले की पार्टी रालोसपा के साथ कर चुके पुराने साथी और महात्मा फुले समता परिषद के खास नेताओं की 19 और 20 फरवरी को पटना के सिन्हा लाइब्रेरी में बैठक बुलाई है।

उपेंद्र कुशवाहा ने चिट्ठी में जदयू के बिखरने को लेकर चिंता जताई है। वहीं बीजेपी में जाने को कोरी अफवाह करार देते हुए कुशवाहा ने कहा कि जब मैं जदयू को बचाने में



लगा हूं तो बीजेपी में क्यों जाऊंगा। चिट्ठी में उपेंद्र कुशवाहा ने लिखा है- हमारी पार्टी अपने आंतरिक कारणों से दिन ब दिन कमजोर होती जा रही है। महागठबंधन बनने के बाद हुए विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आने के समय से ही मैं पार्टी की स्थिति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को

- ♦ जदयू के प्रमुख नेताओं, को चिट्ठी जारी करते हुए 19 और 20 फरवरी को बुलाई बैठक
- ♦ नीतीश ने न सिर्फ मेरी बातों की अनदेखी की बल्कि उसकी व्याख्या भी गलत ढंग से की

अवगत कराते आ रहा हूं। पार्टी की ओर से होने वाली बैठकों में भी मैंने अपनी बात को रखा। पिछले एक-डेढ़ महीने से मैंने हर तरीके से अस्तित्व खोती जा रही पार्टी को बचाने की कोशिश की। उन्होंने चिट्ठी में लिखा कि मेरी तमाम कोशिशों के बावजदू सीएम नीतीश की ओर से मेरी बातों की न सिर्फ अनदेखी की गई बल्कि उसकी व्याख्या भी गलत तरीके से की जा रही है।

**उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वामी प्रसाद मौर्या सहित सपा पर साधा निशाना**

# हर मंच पर करूंगा रामचरितमानस की व्याख्या

**एजेंसी/लखनऊ**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि रामचरितमानस को लेकर हुआ पूरा विवाद केवल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से ध्यान भटकाने के लिए किया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव और स्वामी प्रसाद मौर्या सहित पूरी समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके एजेंडे में विकास नहीं रहा, वो ऐसी शरारत कर रहे हैं। एक टीवी चैनल पर इंटरव्यू में रामचरितमानस को लेकर सवाल का जवाब देते हुए सीएम योगी ने कहा, मुझे जिस मंच पर रामचरितमानस की व्याख्या करनी होगी, वहां मैं जरूर करूंगा। मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि यह प्रकरण विकास और निवेश



जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए उसी पार्टी की शरारत का हिस्सा है, जिसके एजेंडे में कभी विकास रहा ही नहीं।' उन्होंने कहा था कि जवाब उन्हें देना चाहिए जो समझ सकें।

उन्होंने कहा कि यह मुद्दा उन लोगों की ओर से उठाया जा रहा है, जो समाज में माहौल खराब करना चाहते हैं। राज्य सरकार के विकास के एजेंडे को पटरी से उतारना चाहते हैं। सीएम योगी ने कहा कि जिनके पास राज्य के विकास में योगदान करने के लिए कुछ नहीं है। जिन लोगों ने अतीत में इसकी छवि खराब कर दी थी। यूपी के युवाओं के लिए पहचान का संकट खड़ा किया। लोगों के सामने भविष्य सही नहीं दिखने लगा था। अब ये लोग नए यूपी में बेचैन हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणियों पर दिया जवाब

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि जब हम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने वाले हैं, तब विकास और निवेश से लोगों का ध्यान हटाने के लिए वे इस तरह के बेकार के मुद्दों को उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौपाई के अर्थ को उचित मंच पर व्याख्या की जरूरत होगी, तो करूंगा। दरअसल, स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमान पुस्तक को दलित-विरोधी करार दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी मौर्य का समर्थन करते हुए कहा है कि वह सीएम योगी से यूपी के पूर्व मंत्री की ओर से संदर्भित छंदों का वास्तविक अर्थ पूछेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने यूपी चुनाव 2022 के ठीक पहले भाजपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।



## खबरें फटाफट

### नहर में गिरे युवक का मिला शव

**सासाराम।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के पास नहर में डूबे दो युवकों में से दूसरे का शव रविवार को बरामद कर लिया गया। घटना के 36 घंटे बाद युवक के शव को खोजने में गोताखोरों को सफलता मिली। इस हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। दरअसल, चार युवक दो बाइक से शादी में जा रहे थे। इसी दौरान दोनों गाड़ी की टक्कर हो गई और बाइक समेत चारों नहर में गिर गए। दो सवार बाहर निकल गए। जबकि एक का शव शनिवार को ही निकाल लिया गया था। दूसरे का शव रविवार को नहर से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान रिजवान अंसारी (25) के रूप में की गई। निजामुद्दीन (23) शव शनिवार को बरामद कर लिया गया था। इधर, रामपुर गांव के ग्रामीणों का कहना है कि नहर के पुल की रेलिंग के टूटे रहने से ही बाइक सवार युवक नहर में जा गिरे। अगर रेलिंग सही रहता तो उनकी जान बच सकती थी।

### अपराधियों ने ट्रक चालक को लूटा

**भभुआ।** दिल्ली से कोलकाता को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो लुटेरों के लिए सेफ जोन बना हुआ है। दुर्गावती थाना क्षेत्र के मोहनिया टोल प्लाजा के पास लुटेरों ने बीती रात वाराणसी से सीमेंट लोड कर गया जा रहे ट्रक चालक से ?12000 और गले में रहे सोने का लॉकेट लूटकर आसानी से चलते बने। चालक के मुताबिक लुटेरे 8 की संख्या में आए थे जो मारपीट कर पैसे लूट ले गए। जबकि मोहनिया टोल प्लाजा पर पुलिस पदाधिकारियों की ड्यूटी लगी रहती है उसके बावजूद लुटेरों ने इसकी घटना को अंजाम दे दिया। घटना के बाद ट्रक मालिक ने दुर्गावती पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस चालक को लेकर काफी देर तक लुटेरों की खोज में लगी थी लेकिन लुटेरा पकड़ में नहीं आए।

### 14 शराबी समेत 25 लोग गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने शराब कारोबारी और शराबियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की कई जगह अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, जिले में कई जगह छापेमारी कर 11 शराब कारोबारी और 14 शराबियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 7 महिलाएं भी शामिल है। वहीं गिरफ्तार शराब कारोबारी के पास से 18 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है।

# परिवार नियोजन के लिए सामूहिक सहभागिता से लोगों को जागरूक करने की पहल

**केटी न्यूज/भभुआ**

परिवार नियोजन के साधनों पर आम लोगों को जागरूक करने के मकसद से स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इसको लेकर जिला स्तर से लेकर सामुदायिक स्तर पर कई जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस यानि आरोग्य दिवस की भूमिका भी अहम है। ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आरोग्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें टीकाकरण एवं प्रसव पूर्व जाँच के अलावा परिवार नियोजन कार्यक्रमों पर महिलाओं को सलाह दी जा रही है। आरोग्य दिवस पर परिवार नियोजन के साधनों पर बेहतर परामर्श की सुविधा लाभार्थियों को उपलब्ध करायी जा रही है।

**सामूहिक सहभागिता पर जोर :** आरोग्य दिवस के आयोजन में आशा एवं एएनएम के साथ आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल में बढ़ोतरी के लिए आरोग्य दिवस पर आने वाली महिलाओं को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। गर्भवती माताओं को प्रसव के बाद परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ चॉइस के बारे में एएनएम विस्तार से जानकारी दे रही हैं। धात्री माताओं को भी बच्चों में अंतराल रखने की सलाह के साथ उपलब्ध साधनों के बारे में भी बताया जा रहा है।



**कार्यकताओं का क्षमता वर्धन :** आरोग्य दिवस पर परिवार नियोजन के साधनों पर चर्चा करने से बदलाव देखने को मिल रहे हैं तथा आरोग्य दिवस व गृहभ्रमण के दौरान महिलाओं को गर्भनिरोधकों के इस्तेमाल हेतु जागरूक किया जा रहा। परिवार नियोजन के साधनों के बारे में सटीक जानकारी नहीं होने के कारण बहुत सारी महिलाएं चाह कर भी साधन का इस्तेमाल नहीं कर पाती हैं। कुछ महिलाएं ऐसी भी होती हैं जिन्हें परिवार नियोजन के साधनों के विषय में बात करने में झिझक भी महसूस होती है। जिला के सिविल सर्जन डॉ. मीना कुमारी ने बताया आरोग्य दिवस पर ग्रामीण महिलाओं को परिवार नियोजन कार्यक्रमों पर जानकारी देने के लिए क्षेत्रीय कार्यकर्ता, आशा एवं एनएनएम का क्षमता वर्धन किया गया है। साथ ही नियमित तौर पर उनका उन्मुखीकरण भी किया जाता है ताकि परिवार नियोजन के साधनों की सटीक जानकारी लोगों को दी जा सके।

**इन साधनों की दी जा रही जानकारी:** आरोग्य दिवस पर परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्थायी साधनों में महिला नसबंदी एवं पुरुष नसबंदी एवं अस्थायी साधनों में कॉपर टी, गर्भ-निरोधक गोली (माला-एम एवं माला-एन), कंडोम एवं इमरजेंसी कंट्रासेप्टिव पिल्स के बारे में बताया जा रहा है।

**नवीन गर्भनिरोधक पर बल:** नवीन गर्भनिरोधक 'अंतरा' एवं 'छाया' के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। 'अंतरा' गर्भ निरोधक इंजेक्शन का इस्तेमाल एक या दो बच्चों के बाद गर्भ में अंतर रखने के लिए किया जाता है। साल में इंजेक्शन की चार डोज दी जाती है। वहीं 'छाया' गर्भ निरोधक एक साप्ताहिक टेबलेट है। इसे सप्ताह में एक बार सेवन करना होता है।

### आरा के गीधा औद्योगिक क्षेत्र की घटना, घर से बुलाकर दिया गया घटना को अंजाम

# औरंगाबाद के कबाड़ी व्यवसायी की हत्या, विरोध में हंगामा और रोड जाम

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के गीधा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार की रात एक कबाड़ कारोबारी की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। रॉड से मारपीट कर जख्मी करने के बाद रस्सी से गला घोंटकर उसे मार डाला गया। उसका शव रविवार की सुबह गीधा रबर फैक्ट्री स्थित गेहूं लगे खेत से बरामद किया गया। कारोबारी के सिर पर खून बहता जख्म का निशान और गले में रस्सी लिपटा मिला है। घटनास्थल से कारोबारी की मोबाइल भी मिला। मृतक मूल रूप से औरंगाबाद के नगर थाना क्षेत्र के महुआ शहीद वार्ड संख्या 29 की छह नंबर गली निवासी माणिकचंद साह के 35 वर्षीय पुत्र जय प्रकाश कुमार उर्फ डब्लू साह था। वह पिछले कुछ सालों से गीधा औद्योगिक क्षेत्र में कबाड़ का कारोबार करता था और पत्नी व बच्चों के साथ वहीं किराये के मकान में रहता था। घर से बुलाने के बाद उसकी हत्या किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है।

हालांकि हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, रविवार सुबह हत्या की खबर मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे और हंगामा किया गया। कातिलों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर लोगों द्वारा कायमनगर के पास शव रख सड़क जाम कर दिया गया। इससे आरा-पटना फोरलेन पर करीब घंटे भर आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर गीधा ओपी इंचार्ज और चांदी थानाध्यक्ष पूनम कुमारी पहुंची। दोनों अफसरों द्वारा समझाकर लोगों को शांत कराया गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।? सूचना मिलने पर एएसपी हिमांशु भी अस्पताल एवं घटनास्थल पर गये और अपने स्तर से छानबीन की। उन्होंने परिजनों से भी घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं मोबाइल सर्विलांस के जरिए भी कातिलों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है।

- हत्या के कारणों का अभी नहीं हो सका है खुलासा
- हत्या की खबर मिलते ही आक्रोशित हो उठे स्थानीय लोग, किया हंगामा
- कातिलों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने कायमनगर के पास शव रख सड़क किया जाम

**कॉल आयी और बात करते निकल गया कारोबारी :** इधर, हत्या को लेकर कबाड़ कारोबारी की पत्नी सुमन देवी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें कहा गया है कि शनिवार की रात सवा नौ बजे उसके पति के मोबाइल पर किसी की कॉल आयी। उसके बाद वह बात करते घर से निकल गये। रात साढ़े दस बजे तक वह घर नहीं लौटे, तो तलाश शुरू की गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उनका सुराग नहीं मिल रहा था। घंटी होने के बाद फोन भी रिसीव नहीं हो रहा था। इस बीच रविवार की सुबह रबर फैक्ट्री के समीप खेत में शव मिलने की सूचना मिली। तब परिजन पहुंचे और शव की पहचान की गयी। प्राथमिकी हत्या के कारणों के बारे में जानकारी नहीं दी गयी है। अब पुलिस कॉल करने वाले की पहचान करने के लिए कारोबारी के मोबाइल की जांच कर रही थी। कातिलों तक पहुंचने के लिए डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलायी गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। परिजनों की ओर से किसी से दुश्मनी से इनकार किया जा रहा है। ऐसे में हर एंगल से तफ्तीश की जा रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलायी गयी है।

**रास्ते में बज रहे मोबाइल के जरिए शव तक पहुंचे लोग :** बताया जा रहा है कि रात साढ़े दस बजे तक कारोबारी घर नहीं लौटा, तो पत्नी द्वारा मोबाइल पर कॉल की गयी। लगातार घंटी होने के बावजूद कारोबारी द्वारा कॉल रिसीव नहीं की गयी। तब किसी अनहोनी की आंशका को देख उसकी पत्नी द्वारा रात में मकान मालिक और अपने बहनोई सहित अन्य रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी गयी। मकान मालिक द्वारा अपने घर में लगे सीसीटीवी की जांच की गयी। उसमें कारोबारी को सीढ़ी से उतर कर जाते देखा गया। उसके बाद मकान मालिक ने कुछ स्थानीय लोगों को भी इस बाबत जानकारी दी और रात में ही खोजबीन शुरू की गयी। सुबह करीब पांच से छह बजे के खोजबीन में जुटे लोगों को गीधा औद्योगिक एरिया में रबर फैक्ट्री के पास कारोबारी का मोबाइल बजता हुआ पाया। मोबाइल मिलने की बात लोग जुटे, तो थोड़ी दूरी चप्पल भी पाया गया।खोज कर रहे लोगों ने गेहूं लगे खेत में तलाश की तो युवक के गर्दन में रस्सी लगे शव की बरामदगी हो सकी।

**बेटे-बेटी के सर से उठा पिता का साया :** रात में पति को खाना परोस रही सुमन को इस बात का तनिक अंदाजा भी नहीं था कि आज की रात उनके पूरे परिवार के लिए भयावह रात होगी। पति द्वारा कॉल रिसीव नहीं करने पर जाने पर सुमन पूरी रात किसी अनहोनी की आंशका से सहमी रही। सुबह जिस बात का डर था। सुमन पति का शव देखते ही वह मूर्छित हो पड़ी।11 वर्षीय बेटे सूरज और सात वर्षीय बेटी सुप्रिया भी पिता के शव के पास बिलख रही थी। दोनों को पिता के खोने का गम था। इधर, अपने बेटे की हत्या की बात सुन औरंगाबाद से आए पिता माणिकचंद साह व मां गुलाबी देवी के साथ साथ बड़े भाई ओम प्रकाश, छोटे भाई मंटू गुप्ता भी शव को देख रो पड़े। लंबे समय से परिवार की तरह रह रहे गीधा के ग्रामीणों की आंखें भी नम दिखीं।

### कोईलवर-छपरा फोरलेन पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से राहगीर की मौत

**आरा।** कोईलवर-छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के फुहां चौक के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक राहगीर की मौत हो गयी। देर रात तक मृत राहगीर की पहचान नहीं हो सकी थी। हादसे को लेकर फोरलेन पर अफरातफरी मची रही। कुछ देर एक लेन में वाहनों की जाम लगी रही। बताया जा रहा है कि राहगीर फूहां चौक पर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही टैक्टर ने उसे धक्का मार दिया। उससे वह डिवाइडर पर गिर गया। उसके बाद ट्रैक्टर का खाली ट्रॉली उसके ऊपर पलट गया। उसमें वह दब गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दबे ट्रैक्टर के ट्रॉली से निकाला गया। सूचना मिलने पर बड़हरा थाने की पुलिस पहुंची और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तेज रफ्तार के कारण अक्सर लोगों की जाने जा रही हैं।

## फरियादियों की शिकायतों का सही ढंग से निपटारा करने का टास्क

**केटी न्यूज/आरा**

- क्राइम मीटिंग में एसपी द्वारा तय की गयी एसडीपीओ एवं थानाध्यक्षों की जवाबदेही
- निपटारे में टालमटोल करने वाले अफसरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

पुलिस अफसरों को पब्लिक की शिकायतों का अच्छे ढंग से निपटारा करना होगा। इसे लेकर क्राइम मीटिंग में एसपी की ओर से निर्देश दिया गया है। एसडीपीओ व थानाध्यक्षों की जवाबदेही भी तय कर दी गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि थानाध्यक्षों को थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का अच्छे ढंग से निपटारा करने का निर्देश दिया गया। कहा गया है उनकी बात को अच्छे से सुनें और यथासंभव कार्रवाई करें। थाना स्तर से जो काम नहीं होने वाला है, उसे संबंधित अफसरों और विभाग को भेज दें। फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को भी इस बात से अवगत करा दें, ताकि लोग संतुष्ट हो सकें।

उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में फरियादियों को निराश होकर नहीं लौटना पड़े। इस बात का सभी अफसरों को ख्याल रखना होगा। उन्होंने कहा कि अपनी फरियाद लेकर एसपी ऑफिस आने वाले लोगों से भी इस बात की जानकारी ली जायेगी। ऐसे में अगर किसी थाने के खिलाफ टालमटोल की शिकायत मिली तो खैर नहीं। जन शिकायत कोषांग में आने वाले आवेदनों का भी समय पर निष्पादन करने का टास्क दिया गया है। मीटिंग में एएसपी हिमांशु, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह सहित सभी इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष शामिल थे। इधर, बताया जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय की ओर से रोज फरियादियों की सुनवाई की जा रही है। उसके तहत पूरे सूबे में नयी व्यवस्था शुरू की जा रही है।

**अपराधियों की गिरफ्तारी और केस डिस्पोजल भी मिला टास्क:** क्राइम मीटिंग में एसपी की ओर से केस डिस्पोजल और अपराधियों की गिरफ्तारी का भी टास्क दिया गया। लूट की लगातार हो रही घटनाओं पर रोक लगाने का भी अफसरों को सख्त निर्देश दिया गया है। करीब पांच घंटे तक चली मीटिंग में एसपी की ओर से थानावार कांडों की समीक्षा की। गंभीर कांडों में अबतक की गयी कार्रवाई, अपराधियों एव वारंटियों की गिरफ्तारी और कुर्की-जब्ती की अद्यतन जानकारी ली।

बताया कि गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाने का, नियमित वाहन चेकिंग और पेट्रोलिंग करने का सख्त आदेश दिया गया है। शराब और अवैध खनन में शामिल लोगों पर नजर रखने के साथ धरपकड़ को कहा गया है। पेंडिंग कांडों के डिस्पोजल में तेजी लाने के साथ ही कुछ गंभीर मामलों में अबतक गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी द्वारा नाराजगी भी जाहिर की गयी। कहा कि हर हाल में क्राइम कंट्रोल करना होगा। खास सीएसपी और माइक्रो फाइनेंस कर्मियों से आये दिन हो रही छिनतई वह लूट की घटनाओं पर लगाम लगाने का आदेश दिया गया है।

### आरा में दीवार गिरने से महिला जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला में बुधवार की दोपहर ईंट की दीवार गिरने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी महिला मिल्की मोहल्ला निवासी मो. उस्मान की 40 वषीर्या पत्नी अर्शी खातून है। बताया जा रहा है कि उनके पड़ोस में ही मकान बनाने का काम चल रहा था। बुधवार की दोपहर वह अपने घर के आंगन में बैठी थी। उसी दौरान पड़ोसी के ईंट दीवार अचानक भरभरा कर उन पर गिर पड़ा। उसमें दबने से वह गंभीर रुप से जख्मी हो गई।

### समुदाय स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ मनोज को मिला सम्मान

# राष्ट्रीय न्यूट्रीशन कांग्रेस में डॉ. मनोज हुए सम्मानित



- इंडियन डाइटेटिक एसोसिएशन ( आई डी ए के बिहार चैप्टर के सचिव हैं डॉ. मनोज कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

इंडियन एसोसिएशन ऑफ इंटरनल एंड पैरेंटइरल न्यूट्रीशन के राष्ट्रीय न्यूट्रीशन कांग्रेस में डॉ मनोज कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य एवं पोषण में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। चेन्नई स्थित होटल ताज में हुए समारोह में डॉ. मनोज को पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि डॉ. मनोज के द्वारा विगत वर्षो में पोषण एवं कोविड 19 के दौरान समुदाय के लिए सरकारी एवं निजी स्तर पर किए गए सहरनीय कार्य के किए गए है। डॉ मनोज कुमार भागलपुर जिले के शाहकुंड प्रखंड के निवासी हैं।

**स्वास्थ्य एवं पोषण सलाहकार के रूप में हैं कार्यरत:** डॉ मनोज कुमार वर्तमान में बिहार सरकार के समेकित बाल विकास सेवाएं, समाज कल्याण विभाग में स्वास्थ एवं पोषण सलाहकार के रूप में कार्यरत है. भारत सरकार एवं बिहार सरकार के पोषण संबंधी योजनाओं के नीति निर्धारण, क्रियान्वयन में राज्य स्तर पर अपना अहम योगदान दे रहे हैं। राज्य में कुपोषण को कम करने की दिशा में सरकार के द्वारा संचालित पोषण गतिविधि को दिशा देने में पोषण विशेयज्ञ के तौर पर काम कर रहे हैं एवं साथ ही राज्य स्तर पर सबंधित विभागो एवं डेवलपमेंट पार्टनर के साथ समन्वय में अहम भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। डॉ मनोज कुमार इंडियन डाइटेटिक एसोसिएशन बिहार चैप्टर के सचिव भी हैं, इस नाते राज्य में सबंधित संस्थानों एवं सरकारी तंत्र को तकनीकी रूप से पोषण संसाधन के रूप में भी सहयोग करते आ रहे हैं साथ ही राज्य में पोषण सबंधित जागरूकता के लिए लगातार गतिविधि करते आ रहे हैं।

सम्मान मिलने के बाद डॉ. मनोज ने कहा कि उनका यह प्रयास रहता है कि लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा सके। इसके लिए वह लगातार लोगों से संवाद कर सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करने की सलाह देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि कुपोषण का एक बड़ा कारण गर्भवती महिलाओं का सही से खान-पान का नहीं होना है। इस अवस्था में पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेना बेहद जरूरी होता है। यह गर्भवती मां और उसके बच्चे के स्वस्थ होने का मुख्य आधार है।




## खबरें फटाफट

### एसपी ने दर्जनों लोगों के लौटाए चोरी गए फोन

**बक्सर।** रविवार को बक्सर एसपी मनीष कुमार ने पिछले दिनों दर्जनों उपभोक्ताओं के चोरी गए मोबाईल फोन को बरामद करने के बाद उनका वितरण किया। इसके लिए एसपी कार्यालय में उन्हें पहले से सूचना दे बुलवाया गया था। एसपी द्वारा चोरी गए मोबाईल वितरण का यह नौवां चरण है। एसपी ने बताया कि अब तक हजारों लोगों को उनके चोरी गए मोबाईल फोन को लौटाया जा चुका है। अपने मोबाइल फोन वापस पाकर लोग काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। लोगों ने एसपी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि पुलिस उनके मोबाइल फोन ढूंढ कर वापस जरूर दे देगी। मोबाइल फोन वापस पाकर प्रसन्न लोगों ने मौके पर मौजूद एसपी मनीष कुमार, डीएसपी मुख्यालय अशफाक अंसारी तथा डीआइयू प्रभारी राजेश मालाकार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

### संत रविदास की जयंति मनाई गई

**बक्सर।** संत शिरोमणी रविदास की जयंति रविवार को धूम धाम से मनाई गई। इस मौके पर जिलेभर में उनके अनुयायियों ने उनकी मूर्ति रख विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा उनके बताए सिद्धांत पर चलने का संकल्प दुहराया। पूजा पंडालों के पास संत रविदास के संदेशों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों से बजाया जा रहा था। कई पंडालों में तो संकीर्तन का आयोजन भी किया गया था। जबकि कई जगहों पर रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। बता दें कि संत रविदास ने कर्म को ही पूजा माना था। वे सहज व सरल स्वभाव के थे तथा लोगों को अपने कर्म को ही पूजा मान तन मन से करने की सीख दिए थे। इसी कारण उन्हें संत शिरोमणी की उपाधि मिली थी।

# यूनाइटेड क्लब सीवान ने जीता कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

यूनाईटेड क्लब सीवान की टीम ने कस्तूरबा स्मारक अंतर्राज्जीय शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता जीत ली है। रविवार को खेले गए इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सीवान की टीम ने मेजबान कस्तूरबा फुटबॉल क्लब पुराना भोजपुर को 1-0 से पराजित कर दिया। मैच का एकमात्र गोल सीवान की तरफ से खेलने वाले युगाण्डा के उस्मान ने पहले हॉफ के 34 वें मिनट में लगाया। जो अंत तक निर्णायक साबित हुआ। हालांकि मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन खेल से उपस्थित हजारों दर्शकों का दिल जीत लिया। लेकिन वे लाख प्रयास के बावजूद भी सीवान की रक्षण पंक्ति तथा गोलकीपर को भेद नहीं

- फाइनल में मेजबान कस्तूरबा फुटबॉल क्लब पुराना भोजपुर को 1-0 से किया पराजित
- सीवान की तरफ से खेलने वाले युगाण्डा के उस्मान ने किया मैच का एकमात्र गोल

सके। लिहाजा उन्हें एक गोल की हार के साथ ही शील्ड गवानी पड़ी। हालांकि अब तक के प्रदर्शन के आधार पर मेजबान टीम को इस शील्ड का मजबूत दावेदार माना जा रहा था। लेकिन मेहमानों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। पहले हॉफ में पिछड़ने के बाद दूसरे हॉफ में भी पुराना भोजपुर के खिलाड़ियों ने विपक्षी सीवान पर गोल करने के कई मुव बनाए। लेकिन उन्हें सफलता नहीं



मिल सकी। निर्धारित समय बीतने के बाद मेहमानों को विजेता घोषित किया गया। बता दें कि सात दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में फाईनल में पहुंचने वाली दोनों ही टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था। यही कारण है कि फाइनल मैच में बड़ी संख्या में दर्शक आए थे। मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका हरेंद्र यादव ने जबकि सहायक रेफरी की भूमिका में जनार्दन यादव, ओम प्रकाश सिंह, बिट्टू सिंह और चुनमुन शर्मा थे। जबकि इस्लाम अंसारी व मि. मनोज ने कमेंटेटर का काम बखूबी किया।

### पु. भोजपुर के गोलकीपर बने मैन ऑफ द मैच

मैच के दौरान पुराना भोजपुर टीम के गोलकीपर अनुज ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम के लिए कई गोल बचाए। अनुज के प्रयास से ही स्कोर 1-0 रहा। उनकी चुस्ती तथा बेहतर रक्षण के लिए निर्णायक मंडल द्वारा उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### डुमरांव महाराज ने किया उदघाटन

मैच का उदघाटन डुमरांव राज के महाराज चंद्रविजय सिंह ने फिता काट तथा दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल आज भी दुनिया का लोकप्रिय खेल है। उन्होंने आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया।

### फाइनल मुकाबले में उपस्थित थे कई गणमान्य

फाईनल मुकाबला देखने के लिए आयोजन समिति के नन्द जी सिंह, पपल सिंह, विनोद वर्मा, संजय तिवारी के अलावे दारा सिंह, डा. भोला केशरी, पंकज चौरसिया, डा विनोद प्रसाद, पूर्व डीएसपी ददन सिंह, ब्रह्मा ठाकुर, संजय कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, धनजी सिंह, कामेश्वर प्रसाद सिन्हा, निर्मल प्रसाद, नागेंद्र नाथ ओझा, भरत चौधरी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मण चौधरी समेत कई अन्य मौजूद थे।

### मठिला गांव के उत्तर स्थित पोखरा के पास बैठकर कर रहा हेरोइन की तस्करी

# मठिला में लाखों रु. की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मठिला गांव के उतर स्थित पोखरा के पास से एक युवक को 8.5 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से नकद 2 हजार रूपए भी मिले है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही मुख्य कारोबारी फरार हो गया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बरामद हेरोईन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 4 लाख रूपए है। गिरफ्तार तस्कर रविन्द्र सिंह पिता स्व राजेन्द्र सिंह मठिला का ही रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार वह गांव के उतर स्थित पोखरा व पंचायत भवन के पास बैठ हेरोईन की तस्करी कर रहा था। इसी दौरान किसी ने इसकी खबर पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत



कुमार वरीय पदाधिकारियों को सूचना देते हुए तत्काल सदल बल पहुंच छापेमारी किए। जहां 8.5 ग्राम हेरोईन व 2 हजार रूपए के साथ रविन्द्र कुमार पकड़ा गया। पुलिस उसे पकड़कर थाने लाई और पूछताछ शुरू की तो तस्कर ने बताया कि उसे हेरोईन की खेप गांव के ही रईस खान तथा दिलशाद उर्फ लंगड़ा मुहैया कराते हैं। उसने पुलिस को बताया कि वह खुदरा कारोबारी है, जबकि दोनों मादक पदार्थों के थोक विक्रेता है। इसके बाद पुलिस दोनों के ठिकानों पर छापेमारी करने भी गई। लेकिन तबतक दोनों फरार हो चुके थे। गौरतलब है कि इसके पहले भी रईस खान हेरोईन व शराब तस्करी मामले में जेल जा चुका है। कोरानसराय थाना में उसके खिलाफ कांड संख्या 17/21 दर्ज है जो हेरोइन तस्करी से संबंधित है। जानकारों का कहना है कि जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से मादक पदार्थों की तस्करी में जुट गया है। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि साढ़े आठ ग्राम हेरोईन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दो अन्य फरार हो गए है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़ बनता जा रहा मठिला, कई बार मिली है शराब व हेरोईन की खेप

कोरानसराय थाना क्षेत्र का मठिला गांव मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़ बन गया है। यहां हेरोईन के साथ ही शराब की तस्करी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। पूर्व में कई बार मठिला से शराब व हेरोईन की खेप बरामद हो चुकी है। जानकारों की मानें तो कोरानसराय के रानीबाग के साथ ही मठिला गांव हेरोईन कारोबार का इलाके का सबसे बड़ा केन्द्र है। वही रविवार को मठिला गांव से एक तस्कर की गिरफ्तारी के बाद सुर्खियों में आए रईस खान तथा दिलशाद मादक पदार्थों के बड़े कारोबारी है। बताया जाता है कि वर्षों से दोनों क्षेत्र में मीठा जहर का कारोबार कर लोगों का आर्थिक शोषण करने के साथ ही युवा पीढ़ी को नशे का आदि बना उनके कैरियर को चौपट कर रहे है। जानकारों की मानें तो इस इलाके में आए दिन होने वाली छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं में भी हेरोईन के लत को जिम्मेवार माना जा रहा है। जानकारों ने बताया कि रईस खान ने हेरोईन की तस्करी कर अकूत संपति जमा की है।

## एक नजर

### एनसीसी ए सर्टिफिकेट की परीक्षा आयोजित, चार स्कूलों के 173 कैडेट हुए शामिल



**डुमरांव।** रविवार को स्थानीय राज हाई स्कूल के खेल मैदान में एनसीसी ए सर्टिफिकेट की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें अनुमंडल के पांच हाई स्कूलों के चयनित 173 कैडेटों ने भाग लिया। यह परीक्षा एनसीसी के 30 बिहार बटालियन बक्सर के समादेशी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रामसागर मिश्र के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। जिसमें कैडेटो के लिखित परीक्षा के साथ ही उनकी शारीरिक दक्षता की जांच, ड्रिल टेस्ट, मैप रिडिंग, विपेटन टेजनिंग, सोसल एक्टिविटी, दौड़ आदि माध्यमों से उनके क्षमता की जांच की गई है। परीक्षा पास होने वालों को एनसीसी द्वारा ह्लएह्व सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बताया जाता है कि एनसीसी के दौरान छात्रों को मिलेट्री साइंस की व्यवहारिक व सैद्धांतिक जानकारी दी जाती है। वही इस प्रमाण पत्र से कैडेटो को सेना या अन्य नौकरियों में छूट मिलती है। इस संबंध में एनसीसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि जुनियर डिवीजन में दो वर्ष तक एनसीसी का प्रशिक्षण लेने वाले तथा कैंप करने वाले कैडेट ही इस परीक्षा में शामिल होते हैं। इस परीक्षा में राज हाई स्कूल के दो कंपनियों के 89 कैडेट, महारानी उषारानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के 29, उच्च विद्यालय सिमरी के 29 तथा केपी उच्च विद्यालय डुमरी के 17 लड़के तथा 9 लड़कियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा को संपन्न कराने में राज हाई स्कूल के एनसीसी पदाधिकारी अभयानंद प्रजापति, डा संजय रंजन सिन्हा, केपी उच्च विद्यालय डुमरी के संजय कुमार दूबे, महारानी उषारानी बालिक प्लस टू उच्च विद्यालय की फरहत अफसां के अलावे जेसीओ जयप्रकाश, हवलदार निरंजन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जयप्रकाश आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। परीक्षा में शामिल कैडेटों में उत्साह व्याप्त था।

### कामरेड मदन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**केसठ।** रविवार को कामरेड नेता मदन सिंह की श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक गांव केसठ में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जितेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान मुख्य वक्ता सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व सांसद कामरेड नागेंद्र नाथ ओझा ने कहा कि मदन सिंह सच्चे कम्युनिस्ट थे। वे आजीवन लाल झंडे के सिपाही रहे। पूर्व सांसद तेजनारायण सिंह ने कहा कि मदन सिंह केसठ प्रखंड के गरीबों के आवाज थे। वही अन्य वक्ताओं ने कहा कि वे बहुत हीं लोक प्रिय थे। इस मौके पर पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा, बिरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह समसेर, जमुना प्रसाद, प्रवीण सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### वीआईपी के जिला अध्यक्ष बने अनिल चौधरी

**राजपुर।** प्रखंड के सिकठी पंचायत के मुखिया अनिल कुमार चौधरी को विकास सील इंसान पार्टी ( वीआईपी ) का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके लिए आयोजित बैठक में जिले भर से जुटे कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से इनके नाम का प्रस्ताव किया। वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष बाल गोविंद बिंद ने इन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए पार्टी की पूरी जिम्मेवारी सौंपी है। इसके साथ ही इनके पार्टी का विस्तार भी किया गया है। जिसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद तौकीर अंसारी, जिला सचिव धनेज कुमार चौधरी को बनाया गया है। इन सभी के मनोनयन पर पार्टी के कार्यकताओं ने इन्हें बधाई दिया है। कार्यकताओं ने कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष अनिल ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न गांवों का दौरा किया जाएगा। पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी बिंद, सक्रिय सदस्य इरशाद अंसारी, सत्येंद्र चौधरी, बच्चा लाल निषाद, अजय कुमार, जेड अंसारी, सेराज अंसारी, पप्पू चौधरी सहित अन्य लोगों ने इन्हें बधाई दी है।

### विद्यालय शिक्षा समिति का प्रशिक्षण संपन्न

चौगाई। चौगाई प्रखंड के मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का पांचवां बैच संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विद्यालय शिक्षा समिति सह सामुदायिक प्रतिनिधियों को प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण, वि.शि.स. की अवधारणा, स्वरूप, कार्य और दायित्वों की जानकारी विस्तार से दी गई। जबकि विद्यालय विकास योजना निर्माण में शिक्षा समिति के सदस्यों की भूमिका व क्रियान्वयन पर भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी सदस्य स्कूलों के सर्वांगीण विकास हेतू लोक सशक्तिकरण और स्कूल डेवलपमेंट प्लॉन के लिए बाकी सदस्यों को अवगत कराएंगे। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षकों ने अपने गांव के स्कूल को एक आदर्श स्कूल के रूप में स्थापित करने एवं समुदाय व शिक्षकों के बीच सामंजस्य स्थापित करनें में विद्यालय शिक्षा समिति की साकारात्मक पहल पर फोकस किया। प्रशिक्षण का समापन एक चिंगारी का दृष्टांत और अभियान गीत घर-घर अलख जगायेंगे हम, बदलेंगे जमाना के साथ हुआ। इस मौके पर प्रशिक्षक गिरीश कुमार, शिक्षकों में पीर मोहम्मद, मो.सुलेमान अंसारी, विश्वामित्र सिंह, अमित केसरी, मनौवर आलम, राकेश कुमार मौजूद थे।

## मां बसवनी मंदिर की वार्षिक पूजा उल्लास के साथ संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव की नगर देवी मां बसवनी मंदिर की वार्षिक पूजा रविवार को उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर वैदिक विधान से उनकी पूजा के साथ ही परंपरागत तरीके से घरों में बनाए गए विभिन्न तरह के पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया। इस मौके पर एक मेले का आयोजन भी किया गया था। वार्षिक पूजा को ले सुबह से ही मंदिर परिसर को धोकर साफ किया गया था। वहीं ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भक्ति गीज बजाया जा रहा था। मंदिर के पुजारी के नेतृत्व में पूजा समिति ने वैदिक विधान से पूजा अर्चना तथा हवन किया। गौरतलब है कि डुमरांव में मां बसवनी

- परंपरागत तरीके से घरों में बनाए गए विभिन्न तरह के पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया

की पूजा करीब चार सौ सालों से किया जा रहा है। मान्यता है कि चार सौ साल पहले प्लेग नामक महामारी से हजारों लोगों की मौत हुई थी। तब शहरवासियों ने कांव नदी के उस पार मां बसवनी की पूजा अर्चना कर उनसे जान माल की भीख मांगी थी। कहा जाता है कि उसके बाद से प्लेग का प्रकोप शांत हो गया था। तब से आज तक शहरवासी प्रत्येक साल मां बसवनी की पूजा अर्चना कर उनसे जान माल की सलामती की भीख मांगते हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिला समेत आठ जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार की सुबह एनएच 120 पर कोरानसराय व डुमरांव थाना क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिलाओं समेत कुल आठ लोग जख्मी हो गए है। जिनमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है। अन्य जख्मियों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना कोरानसराय थाना के पास की है। यहां उपलों से लदी एक टेम्पो सड़क पर पलट गई। जिससे टेम्पो में सवार एक ही गांव के चार लोग जख्मी हो गए। जिन्हें 112 नंबर की पुलिस द्वारा इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया





गया। जख्मियों में एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार नावानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी भरौली निवासी परदेश राय पिता मंगल राय, बंटी राय पिता प्रेम राय, सोनू राय पिता सुरेश राय तथा पवन राय पिता बीरेन्द्र राय अपने निजी टेम्पो से गांव से मुकुंदपुर उपला लाने गए थे। उधर से उपला भर लौटने के दौरान जैसे ही वे कोरानसराय थाना के पास पहुंचे कि एक वाहन से बचने के प्रयास में टेम्पो अनियंत्रित हो पलट गई। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दिया। पुलिस ने उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जख्मियों में बंटी राय की हालत गंभीर है। उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वही दूसरी घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के महाराजा पेट्रोल पंप के पास की है। यहां यात्रियों को लेकर स्टेशन से बाजार जा रही एक ई-रिक्शा की टक्कर विपरित दिशा से आ रही बोलेरो से हो गई। जिससे ई-रिक्शा में सवार तीन महिला यात्रियों समेत उसका चालक जख्मी हो गया। वही इस दुर्घटना में ई-रिक्शा का अगला हिस्सा भी चकनाचूर हो गया है। घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरों चालक फरार हो गया।

### डुमरांव के न्यू वुडस्टॉक स्कूल का पहला वार्षिकोत्सव मना, विद्यालय के डायरेक्टर राजीव कुमार ने गिनाई पूरे वर्ष की उपलब्धि

# ज्ञान की ज्योति फैलाना सबसे पुनीत कार्य: सदर विधायक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ज्ञान का दीप जलाना और शिक्षा का दान करना दुनिया का सबसे पुनीत और महान काम है। शिक्षक नौनिहालों के जीवन को गढ़ते है। इसलिए समाज में उनका स्थान सर्वोपरि है। उक्त बातें बक्सर सदर के विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने रविवार को नगर के चाणक्यां कॉलोनी में कही। वे इस मुहल्ले में संचालित हो रहे न्यू वुडस्टॉक स्कूल के पहले वार्षिकोत्सव पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निजी विद्यालयों की भूमिका बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहर के मुहल्लों में संचालित होने वाले स्कूल छात्रों को आधुनिक शिक्षा दे उन्हें तराशने का काम बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के डायरेक्टर राजीव कुमार को इस पुनीत काम



के लिए साधुवाद भी दिया और उम्मीद जताया कि यह विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। वही स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने अपने विद्यालय के एक वर्ष के सफर को गिनाया और कहा कि उनका उदेश्य छात्रों को आधुनिक व तकनीकी युक्त शिक्षा के साथ ही नैतिक शिक्षा देना है। ताकी उनके विद्यालय के छात्र आज के कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही अपने जीवन के सोपान पर भी सफल हो सके। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ ही वे विद्यालय में नियमित रूप से खेल कूद, गीत संगीत, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन करा छात्रों का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने उनपर विश्वास करने वाले अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया। इसके पहले मुख्य अतिथि व आगत अतिथियों फिता काट व दीप प्रज्जवलित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नन्हें मुन्नें छात्रों की बेहतर प्रस्तुति से उपस्थित सैकड़ो लोग दंग हो रहे थे तथा तालियां बजा उनकी हौसला अफजाई कर रहे थे।

मौके पर डुमरांव बीडीओ संतोष कुमार, बीईओ सुरेश प्रसाद, थानाध्यक्ष विन्देश्वर राम व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, अनिल कुमार, शिक्षक समन्यवय समिति के अध्यक्ष यतीन्द्र कुमार चौबे, शिक्षक प्रतिनिधि धनन्जय मिश्र, शालिग्राम दुबे, उपेंद्र पाठक, नवनीत कुमार, तबरेज आलम, श्वेतांश कुमार, रवि श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पाण्डेय आदि अतिथि के रूप में शामिल रहे। मंच संचालन अनुराग मिश्र ने किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक राजीव कुमार के अलावे प्राचार्य नवनीत मिश्र शिक्षक नमोनारायण मिश्र शिक्षिका शिल्पी सिन्हा, प्रिया कुमारी, राधा मलिक, ममता कुमारी, अंशिका कुमारी, प्रतिभा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, हरिप्रिया ने भोला, अदिति, मोनाक्षी, अनन्या, श्रेया, सचिन, अंशिका, पलक, शुभम, अंकित, निशा, रोहित, नव्या, शाम्भवी, आरुही, रिया, अर्चित उत्तम आदि बच्चों को चक धूम धूम, बम बम भोले, तेरी उंगली पकड़कर, चन्दा ने पूछा तारों से आदि कई सामूहिक गीत व नृत्य तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु बच्चों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर सैकड़ो गणमान्य व अभिभावक उपस्थित थे।

# अधिकार सेना के संस्थापक अमिताभ ठाकुर ने किया कटान क्षेत्र का निरीक्षण



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने रविवार को मुहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कटान प्रभावित इलाके का दौरा किया। वह दर्जनों पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेमरा शिवराय का पूरा डूब क्षेत्र में पहुंचे। गांव में पहुंचे अमिताभ ठाकुर ने कटान पीड़ित परिवारों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनी। वह शिवराय का पूरा गंगा तट पर जाकर कटान की विभीषिका से रू-ब-रू हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कटान प्रभावित इस गांव के बचाव को लेकर सरकार की ओर से जो टुकड़े-टुकड़े में योजना बनाई जा रही है। वह पूरी तरह से क्रियान्वित नहीं दिख रही है। यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। कहा सेमरा कटान पीड़ितों की समस्या को संबंधित विभाग तक पहुंचा कर इसका समाधान कराने का कार्य किया जाएगा। कटान पीड़ितों के लिए देश में एक पुनर्वास नीति होनी चाहिए, यह दुर्भाग्य है कि आज तक पुनर्वास नीति नहीं बनाई जा सकी। सेमरा से लौटने के पश्चात श्री ठाकुर तहसील मुख्यालय स्थित शहीद पार्क में पहुंचे, वहां उन्होंने बलिदानी डॉक्टर शिवपूजन राय व डॉक्टर वंश नारायण राय की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद स्मारक व पार्क की दशा देखकर उन्होंने अफसोस जाहिर किया।

कहा कि जिन लोगों ने देश को आजाद कराने के लिए अपने को बलिदान किया। उनके स्थल की उपेक्षा काफी दुखदाई है। शहीद स्तंभ में केवल एक तरफ डॉक्टर शिवपूजन राय की जीवनी का शिलापट्ट लगा होने लेकिन अन्य तीन तरफ कोई शिलापट्ट न होने से पर उन्होंने कहा कि वह शासन में पत्र लिखकर मांग करेंगे कि अन्य बलिदानी की जीवनी का शिलापट्ट इन खाली स्थानों पर लगाया जाए। अगर सरकार इसे लगाने में असमर्थ है तो उनकी पार्टी अपने खर्च पर इन शिलापट्ट को लगाने का कार्य करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, जोनल कोऑर्डिनेटर आफताब अंसारी, रितेश पांडेय, ओमप्रकाश राय, सुनील सिंह, प्रेमप्रकाश राय, प्रेमनाथ गुप्ता,रामबचन राय,उमेश राय, मनोज राय डब्लू, विनोद राय आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### शराब दुकान के सेल्समैन से 35 हजार की लूट

**मऊ।** रानीपुर थाना के चौकी काझा क्षेत्र के बस्ती गांव मे सरसेना सलाहाबाद मार्ग पर स्थित एक देशी शराब की दुकान के सेल्समैन से शनिवार की रात 9 बजे के करीब बाइक सवार तीन बदमाशो ने असलहा दिखा कर बिक्री के 35 हजार रुपये और एक पेटी देशी शराब लेकर फरार हो गए। बस्ती गांव के सरसेना सलाहाबाद मार्ग पर थाना क्षेत्र के ही अकबरपुर गांव निवासी सतीश कुमार सिंह की देशी शराब की दुकान है। शनिवार की रात 9 बजे के करीब एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आये और सेल्समैन रामजीत यादव को असलहा दिखाकर धमकाते हुए दुकान के अंदर घुसे और सेल्समैन को असलहे के बट से मारपीटकर दुकान में रखे बिक्री के 35 हजार रुपये और एक पेटी देशी शराब लूटकर मौके से फरार हो गये। जाते समय बदमाश सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी लेते गए सेल्समैन ने घटना की सूचना दुकान मालिक सतीश कुमार सिंह को दी। दुकान मालिक के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर एडिशनल एसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, सीओ डा अजय विक्रम सिंह, थानाध्यक्ष राजेश कुमार प्रभाकर, काझा चौकी इंचार्ज अजित दुबे मौके पर पहुच कर घटना की जांच में जुट गए।

### ई-रिक्शा और ट्रैक्टर की टक्कर में महिला की मौत

**बांसडीह।** बांसडीह मनियर मार्ग पर स्थित पांडेय के पोखरा के पास ई-रिक्शा और तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। वही एक महिला घायल हो गईं। आनंद फानन में घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह ने तत्काल पहुँचकर महिला को ई रिक्शे से निकलवाया और सामूदायिक स्वास्थ केंद्र बांसडीह पर भेजा, ।जहा चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया जहां एक महिला इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई वही दूसरी महिला का इलाज चल रहा है ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रखवा दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक चिंता देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी राजेश यादव निवासी उससा,बगहा थाना पकड़ी अपने भाई की शादी में शामिल होने अपने मायके हालपुर थाना बांसडीह आई थी ।रविवार के दिन बांसडीह से एक महिला सुनीता देवी के साथ शादी का सामान खरीदारी कर ईरिक्शा से हालपुर की तरफ जा रही थी अभी वह कस्बे के पांडेय के पोखरा पर पहुंची थी कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गईं ।

## बलिया के माल्देपुर घाट पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व जिलाधिकारी ने की आरती

# मोक्षदायिनी के तट पर हुई दिव्य गंगा आरती, हर-हर गंगे का होता रहा उद्घोष

- माघी पूर्णिमा पर समाजसेविका किरन सिंह की अगुवाई में हुआ आयोजन
- राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह बोले- जनपद में पहली बार हुआ है ऐसा आयोजन, आगे भी इसे जारी रखने का होगा काम



**केटी न्यूज/बलिया**

नगर से सटे माल्देपुर का गंगा घाट रविवार को माघी पूर्णिमा के अवसर पर भव्य व दिव्य गंगा आरती का साक्षी बना। प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह व जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की उपस्थिति में मोक्षदायिनी के तट पर अलौकिक गंगा आरती का आयोजन किया गया। बिना किसी बड़े आयोजन के जनपद में इस तरह का कार्यक्रम पहली बार हुआ। यह दिव्य आयोजन समाजसेविका किरन सिंह की अगुवाई में हुआ। माघी पूर्णिमा की वजह से गंगा तट पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे स्नानार्थी भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान गंगा घाट हर-हर गंगे के उद्घोष से गुंजायमान हो गया।

सुबह करीब आठ बजे गंगा तट पर पहुंचे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल आदि ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर गंगा आरती की। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वान पंडित व आरती के जानकारों ने डमरू व झाल आदि के साथ आरती की। इस दौरान पूरे तट की भव्यता देखते ही बन रही थी। राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन का शुभारंभ जनपद में पहली बार हुआ है जिसे आगे भी निरंतर जारी रखने का काम किया जाएगा। यह आयोजन अब हर माह पूर्णिमा को हो इसकी व्यवस्था की जाएगी। कहा जनपद में यह एक अलग तरह का धार्मिक आयोजन है जिसे अनवरत जारी रखने की जरूरत है। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों को गंगा नदी व घाट को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, धर्मेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, अभिषेक सोनी, टून्ना सिंह, हर्ष सिंह, शंभू सिंह आदि मौजूद रहे।

**मंत्री ने पक्का घाट व सड़क बनाने के दिए निर्देशः** गंगा आरती के दौरान घाट पर जाते समय कच्चे रास्ते को देख परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मौके पर मौजूद जिलाधिकारी को तत्काल यहां सड़क बनवाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि सड़क बनवाने के लिए मेरी निधि का उपयोग कर लिजिए, यदि इससे भी पूरा नहीं होता है तो आप दोनों सांसद व यहां के सपा विधायक की भी निधि का उपयोग कर सड़क तत्काल बनवा दिजिए। मंत्री ने कहा कि यहां पक्का घाट तो बन ही रहा है इसमें सड़क भी साथ ही बन जाने पर यह स्थल काफी मनोरम व पर्यटन के लिहाज से मुफीद हो जाएगा।

इस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने घाट के पास बने पीपा पुल का भी निरीक्षण किया. इस बीच पुल पर गाड़ी न जाने की स्थिति में मंत्री श्री सिंह बाइक से ही निकल लिए। वह पीपा पुल के उस पार तक गए और एक एक चीज को देखा। मंत्री ने कहा कि पीपा पुल को और भी सही तरीके से दुरुस्त किया जाए। इसमें सुरक्षा मानकों का हरसंभव ख्याल रखते हुए जहां भी जो कमी हो उसे तत्काल दुरुस्त करा लिया जाएगा।

# यूपी बोर्ड की तैयारी... अब कॉपियों पर होगा सिक्योरिटी कोड, नहीं हो सकेगी हेराफेरी

**केटी न्यूज/बलिया**

यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की हेराफेरी पर रोक लगाने के लिए सिक्योरिटी कोड होगा। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की अलग-अलग रंग की उत्तर पुस्तिकाओं एक क्रम से वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी से शुरू होगी। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 77,307, इंटरमीडिएट में 81,758 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में हाईस्कूल की 2.80 हजार (अ) और 40 हजार (ब) तो इंटरमीडिएट की एक लाख 53 हजार (अ) और 20 हजार (ब) उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। इसको जीजीआईसी स्थित स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखवाया दिया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की हेराफेरी व छेड़छाड़ के मामले आते रहते थे। ऐसी धांधली न हो इसलिए इस बार व्यवस्था सख्त की गई है। राजकीय मुद्रालय की ओर से प्रकाशित उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित क्रमांक से ही केंद्रवार व परीक्षार्थीवार आवंटित किया गया है। सिक्योरिटी कोड स्कैन करते ही उत्तर पुस्तिका किस सेंटर व किस अनुक्रमांक के परीक्षार्थी को आवंटित है, इसकी जानकारी मिल जाएगी। सिक्योरिटी कोड के साथ हाईस्कूल की (अ) उत्तर पुस्तिका गहरे लाल रंग की तो (ब) उत्तर पुस्तिका मैजेंटा कलर की है। इसी तरह इंटरमीडिएट की (अ) उत्तर पुस्तिका गहरे बैगनी व (ब) उत्तर पुस्तिका गहरे भूरे रंग की है। आपूर्ति मिलने के बाद सचिव ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को वितरण से जुड़े निर्देश भी दिए हैं। वितरण के दौरान परीक्षा केंद्रों के बंडल पर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार क्रम से निर्गत करने तथा एक बंडल समाप्त होने पर दूसरे बंडल से उत्तर पुस्तिकाओं निर्गत करने को कहा गया है। उत्तर पुस्तिकाओं को वितरण करने के बाद किस क्रमांक की उत्तर पुस्तिका किस केंद्र को आवंटित हुई इससे जुड़ी संपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय भेजने को भी कहा है।

# बाबा के बुलडोजर की जद में आ सकती है आरोपियों की प्रापर्टी

**केटी न्यूज/बलिया**

गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। लंबे अरसे से अपना साम्राज्य चलाने वाले आरोपीगण का किला अब कभी भी ध्वस्त हो सकता है। रविवार को भृगु आश्रम इलाके में दो आरोपियों की कुल छह प्रापर्टी की जांच करने व दस्तावेजों को खंगालने सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पहुंचे और घंटों नापी करने के बाद प्रापर्टी से जुड़े दस्तावेज साथ ले गए। हालांकि अभी तक कोई अधिकारिक बयान किसी अधिकारी की तरफ से नहीं आया है। लेकिन जिस रफ्तार से रविवार को प्रशासनिक अधिकारी आरोपी देवनारायण सिंह पुन्ना व अजय सिंह सिंघाल की प्रापर्टी पर नापी करा रहे थे, उसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। लोगों की मानें तो बाबा का बुल्डोजर आरोपियों की प्रापर्टी पर कभी भी चल सकता है।

बीते दिनों गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता जिस तरह सूदखोरों से तंग आकर खुद को गोली मार ली थी। उसको लेकर माहौल पूरी तरह से संवेदनशील है। पीड़ित परिवार से लेकर आमजन सभी एक स्वर से आरोपियों की प्रापर्टी पर बुल्डोजर चलाने की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### पंजा कुश्ती में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**बलिया।** देवकली गांव स्थित यश पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नेशनल स्तर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। मैच में बतौर मुख्य अतिथि सजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह रहे। यह खेल तीन भागों में खेला गया। जिसमें 51 से 60 केजी के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें प्रकाश प्रथम, अनुराग द्वितीय स्थान आए। वहीं दूसरे राउंड में 61 से 70 केजी के 20 युवा खिलाड़ी भाग लिए। जिसमें नीतेश प्रथम, अनीश सिंह द्वितीय, वहीं तीसरे राउंड में 71 से 80 केजी में कुल 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम गुलशन, द्वितीय राहुल सिंह रहे। मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार पाकर सभी गदगद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल जीवन का बहुत ही अनमोल धरोहर है। खेल से आपसी भाईचारा बढ़ता है। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र तिवारी डुलडुल ने कहा कि हार जीत की कुंजी होती है, इसलिए कभी हार से निराश नहीं होना चाहिए। इस मौके पर जिला पंजा कुश्ती संघ के सचिव असलम वारसी ने कहा कि इस तरह का आयोजन वास्तव में रोमांचित है। स्कूल के दिनों में जब हम लोग इस प्रतिस्पर्धा को करते थे तो काफी मजा आता था, आज एक मंच के माध्यम से अन्य खेलों की तरह इसको भी एक खेल की तरह आयोजन किए जाने लगा है। निश्चित ही आने वाले दिनों जनपद से पंजा कुश्ती में एक से बढ़कर एक प्रतिभा सामने आएंगे। इस मौके खेल के सफल आयोजन में प्रधान बहादुरपुर ओमप्रकाश पासवान, देवकली गांव के पूर्व प्रधान भोला राय, वरिष्ठ पत्रकार मुशीर जैदी, राहुल यादव, दुर्गेश, नीरज राय, शिवेंद्र, राहुल यादव, अंजनी तिवारी, कुणाल सिंह मौजूद रह। खेल के अंत में आए हुए सभी अतिथियों का प्रबंधक बृज नाारायण राय राजा बाबू ने आभार प्रकट किया।



### दिग्गज नेता रामगोविंद चौधरी बने राष्ट्रीय सचिव

**बांसडीह।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची में परिवर्तन करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी का कद बढ़ाया और उन्हें राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया हैं। रविवार को इस बात की सूचना मिलते ही जनपद के समाजवादियों में प्रसन्नता फैल गई। जिस समय संशोधित सूची जारी हुई उस समय पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र बांसडीह में ही संत रविदास जयन्ती कार्यक्रम थे और वहीं पर पार्टी से जुड़े कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर रामगोविंद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेदाग छवि,गरीबों,वंचितों और युवाओं के नेता विकास पुरुष माननीय अखिलेश यादव जी ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह नई जिम्मेदारी दिया है मैं अपनी पूरी क्षमता से उस जिम्मेदारी पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। स्वागत करने वालो में पार्टी के जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजी विधानसभा अध्यक्ष हरेंद्र सिंह,पूर्व प्रमुख अशोक यादव, रविन्द्र सिंह, उमेश मिश्र, लालबाबू पाण्डेय, भगवती चौबे,लल्लन यादव, रामा यादव, बिक्की मिश्रा, जेपी पांडेय, हरिकिशुन वर्मा , ओमप्रकाश यादव, यदुनाथ सिंह, अब्दुलहक अंसारी, चन्द्रशेखर यादव, मंटू सिंह,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती मनी

**मऊ।** जनपद के शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में माघ पूर्णिमा के दिन संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती उनके अनुवाइयों द्वारा पूजन अर्चन कर गाजे बाजे और जुलूस निकाल कर मनाई गई। रानीपुर क्षेत्र अंतर्गत खुरहट, सोनिसा, बड़ार, एकड़ांगा, खीरखांड, गोपालपुर, टंडवा, इत्यादि जगहों पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संत रविदास जी की जयंती मनाई गई। फतेहपुर रविदास मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को संत रविदास जी के विचारों के बारे में बताया गया। मोहम्मदाबाद गोहना इलाके में रविदास मंदिर पर अनुयायियों ने प्रातः मंदिर को सजाकर पूजन करने के पश्चात झांकी सजाई एवं भक्तों में प्रसाद बांटे। इस अवसर पर संत रविदास मंदिर भूली पुर के आयोजकों ने बताया कि संत रविदास जी का जन्म माघ मास की पूर्णिमा तिथि संवत 1388 को हुआ था यह बेहद धार्मिक स्वभाव के थे वह भक्ति कालीन संत और महान समाज सुधारक थे भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया।



### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन

**मऊ।** रविवार को मोहम्मदाबाद गोहना ब्लाक के 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। चिकित्सक डॉ संजय चौहान, डॉक्टर नदीम अहमद, डॉक्टर आनंद कुमार, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार साहू ने विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाई दी। इस दौरान विभिन्न अस्पतालों पर लगभग 182 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई दी गई डॉ संजय चौहान ने मौसम में आए बदलाव को देखते हुए लोगों को आगाह किया कि ठंडी हवा एवं ठंड के चलते आप सब सावधान रहें गर्म कपड़ा पहनें तथा छोटे बच्चों को गर्म कपड़ों से ढक कर रखें।

## पीकेएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान, चित्रकला एवं कला की प्रदर्शनी समन्वय का आयोजन

# कला प्रदर्शनी में बच्चों की दिखी वैज्ञानिक सोच, प्रतिभा से मोहा मन

**केटी न्यूज/मऊ**

जिले के चिरैयाकोट नगर के पीकेएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान, चित्रकला एवं कला की प्रदर्शनी समन्वय का आयोजन विद्यार्थियों तथा विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के प्रबंधक परवेज अहमद खान व प्रधानाचार्या सपना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कर किया। तत्पश्चात विभिन्न वेश-भूषा में सुसज्जित विद्यालय के बच्चों ने अलग-अलग भाषाओं में विद्यालय में आए मुख्य अतिथियों का स्वागत कर अपनी समृद्धि गौरवशाली संस्कृति को प्रदर्शित कर अपनी इस प्रतिभा से अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई।







कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक व आशाएं जैसे गीत व देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। समन्वय कार्यक्रम में विद्यालय के जूनियर व सीनियर छात्र एवं छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया' स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सपना सिंह ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सीबीएसई के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए करके -सीखो नीति पर किया गया। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान चित्र कला और कला के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाए। स्कूल के इन बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों से यह दिखाने का प्रयास किया कि आने वाला कल उनका है और वे अपनी नई वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ कर देश को ऊंचाई तक ले जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।